दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 /अंक 103 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, रविवार, 11 जून 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592



मुख्यमंत्री ने भागीरथी-2 चोटी का पर्वतारोहण कर लौटे ...
ये है स्मार्ट सिटी : अरबों रुपये खर्चने के बाद ...

मूल्य- 2 रु.

# उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने दिया इस्तीफा

## छह वर्ष के कार्यकाल में मात्र डेढ़ वर्ष रहने के बाद ही डॉ. राकेश कुमार ने यह पद छोड़ दिया

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने पद से त्यागपत्र दिया है। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने इसकी पुष्टि की। छह वर्ष के कार्यकाल में मात्र डेढ़ वर्ष रहने के बाद ही डॉ. राकेश कुमार ने यह पद छोड़ दिया। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग अध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार का डेढ़ साल का कार्यकाल खासा चर्चाओं में रहा।

इस दौरान आयोग की तीन परीक्षाओं को पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दोबारा कराना पड़ा तो वहीं आधा दर्जन से अधिक परीक्षाओं के पूर्व घोषित कार्यक्रम में बदलाव कर उन्हें नई तिथियों पर आयोजित कराना पड़ा। आयोग के दो अनुभाग अधिकारी पेपर लीक प्रकरण में पकड़े गए और जेल गए। आयोग की परीक्षा से संबंधित पेपर लीक करने बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ। विशेष बात यह रही कि इसका संचालन आयोग की परीक्षाओं से संबंधित दो अनुभाग अधिकारियों के हाथों में रहा।




- उत्तराखंड लोक सेवा आयोग अध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार का डेढ़ साल का कार्यकाल खासा चर्चाओं में रहा
- आयोग के दो अनुभाग अधिकारी पेपर लीक प्रकरण में पकड़े गए और जेल गए
- आयोग की परीक्षा से संबंधित पेपर लीक करने वाले बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ

इस मामले में कुछ सफेदपोश नेताओं की संलिप्तता भी सामने आई। उपलब्धियों के तौर पर राकेश कुमार ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के तर्ज पर कराने की व्यवस्था को लागू किया, जिससे कि उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को उक्त परीक्षा के साथ-साथ संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए भी तैयार किया जा सके। पेपर लीक जैसी घटनाओं के बीच उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की विभिन्न परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर जारी कराना, पारदर्शी ढंग से 30 परीक्षाएं आयोजित कराना, लगभग चार हजार अभ्यर्थियों का चयन होना, 110 डीपीसी कराकर सैकड़ों प्रमोशन की राह खोलना, इंटरव्यू में कोडिंग व्यवस्था लागू कराना, परीक्षाओं के प्रश्न पत्र तैयार करने के लिए केंद्रीय संस्थानों के 300 से ज्यादा एक्सपर्ट्स बुलाना, आयोग में डबल लेयर वाली गोपनीय शाखा स्थापित करना, पहली बार इंटेलिजेंस यूनिट स्थापित करना और कैंडिडेट्स के लिए ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम स्थापित कराना आदि उनकी उपलब्धियां रहीं।

## मेरठ में जूडो कराटा सीखने गई नाबालिग लड़की से प्रशिक्षक ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**मेरठ (उप्र)।** मेरठ जिले के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में एक प्रशिक्षक द्वारा कथित तौर पर 12 वर्षीय नाबालिग जूडो कराटा खिलाड़ी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। पीड़ित खिलाड़ी के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी 12 साल की बेटी कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के फाजलपुर स्थित एक स्कूल में जूडो कराटे का प्रशिक्षण ले रही थी। दो जून को सुबह सात बजे वह जूडो कराटे सीखने अपने भाई के साथ स्कूल में गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि दस बजे तक शिक्षक ने एकेडमी के सभी बच्चों की छुट्टी कर बच्ची और दो बच्चों को अतिरिक्त प्रशिक्षण कराने की बात कहकर रोक लिया। इसके बाद शिक्षक बच्ची को गार्ड के कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के मुताबिक दरवाजा खोलने के बाद शिक्षक ने बच्ची के भाई को बताया कि बहन को स्ट्रेचिंग के कारण चोट लगी है, खून निकल रहा है व पट्टी करनी पड़ेगी। उसने पैसे देकर बाजार से पट्टी, दवा और चॉकलेट लेने के लिए भेज दिया। इसके बाद शिक्षक ने ड्रेसिंग कर बच्ची को चॉकलेट दी और बच्ची को लेकर नर्सिंग होम में भर्ती करवाया।

## पहले वर्षों तक लटका रहता था गन्ने का भुगतान, आज एक हफ्ते में हो रहा : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि पहले गन्ने का भुगतान वर्षों तक लटका रहता था, लेकिन आज गन्ना किसानों को एक हफ्ते में भुगतान हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को यहां राज्य गन्ना उत्पादन प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया एवं प्रदेश की 25 सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियों के नवनिर्मित भवनों का ऑनलाइन लोकार्पण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में योगी ने कहा, छह वर्ष पहले प्रदेश के गन्ना किसानों को पर्ची के लिए परेशान होना पड़ता था। उनकी पर्ची की चोरी के साथ गन्ने की घटतौली होती थी। ऐसे में वे आंदोलन करने को मजबूर होते थे और साथ ही चीनी मिल के असमय बंद होने से किसानों को परेशान होना पड़ता था।

उन्होंने कहा कि पहले बरसों तक गन्ना किसानों को बकाया गन्ने का भुगतान नहीं होता था जबकि 2017 में राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही 2010 से लेकर 2017 तक के बकाया का भुगतान करने के लिए मिशन मोड पर काम शुरू किया गया और आज गन्ना किसानों का एक हफ्ते में भुगतान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा



कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहमति पर आज प्रदेश में चीनी मिलें चीनी के साथ इथेनॉल भी बनाने का काम कर रहीं हैं, उसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश गन्ना उत्पादन में नंबर वन होने के साथ ही इथेनॉल, चीनी उत्पादन, खांडसारी यूनिट्स में भी नंबर वन है।

## गुजरात एटीएस ने किया आईएसकेपी माड्यूल का भंडाफोड़, एक महिला समेत चार गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने पोरबंदर और सूरत में एक अभियान के दौरान इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासन प्रांत (आईएसकेपी) के माड्यूल का भंडाफोड़ कर तीन पुरुषों एवं एक महिला को गिरफ्तार किया है। ए तीनों पुरुष जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के निवासी हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक विकास सहाय ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पोरबंदर से तीन पुरुषों तथा सूरत से एक महिला को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से ऐसी अभियोजन योग्य सामग्री जब्त की जिससे इस प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से उनके संबंध का पता चलता है। सहाय ने बताया कि अवैध गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत इन चारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है और इस सिलसिले में एक वांछित आरोपी की धर-पकड़ की कोशिश की जा रही है। आईएसकेपी अंतरराष्ट्रीय सलाफी -जिहादी संगठन है और उसे संयुक्त राष्ट्र आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। सहाय ने पत्रकारों से कहा, ए तीनों व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा पार कर ईरान के रास्ते अफगानिस्तान पहुंचने एवं आईएसकेपी से जुड़ने के लिए पोरबंदर से एक मछली नौका के इस्तेमाल की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह को तीनों को पोरबंदर से हिरासत में लिया गया है।

## भाजपा के साथ मिली हुई हैं बसपा प्रमुख मायावती: कांग्रेस

**बलिया (उप्र) (भाषा)।** कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अजय राय ने शनिवार को आरोप लगाया कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन है और सत्तारूढ़ दल से मिली हुई हैं। उन्होंने यह टिप्पणी 23 जून को बिहार की राजधानी पटना में होने वाली विपक्षी पार्टियों की बैठक में बसपा प्रमुख के शामिल नहीं होने के संदर्भ में की। यहां जिले के करनई गांव में पूर्व सांसद गौरीशंकर राय जन्मशती समारोह में शामिल होने आए राय ने पत्रकारों से कहा, मायावती भाजपा के गठबंधन में बैठी हुई हैं और वह भाजपा के साथ मिली हैं।

## हम लोग पहले से बहुत नरम हैं, अब सख्त होने की जरूरत: अखिलेश यादव

**सीतापुर (उप्र)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को नरम हिंदुत्व को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि, हम लोग पहले से ही बहुत नरम हैं, बस अब सख्त होने की जरूरत है। सीतापुर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल नैमिषारण्य में सपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन करते हुए अखिलेश यादव ने नरम हिंदुत्व को लेकर भाजपा को घेरा।



यादव ने कहा कि भाजपा ने नया शब्द ईजाद किया है और यह कह रहे हैं कि लगता है कि आप (सपा) नरम हिंदुत्व के रास्ते पर जा रहे हैं। हम लोग पहले से ही बहुत नरम हैं, बस अब सख्त होने की जरूरत है। हाल ही में भाजपा के टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम पर तंज कसते हुए सपा प्रमुख ने कहा, हम और आप यहां पर 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी में बैठे हैं और भाजपा के लोग अपना टिफिन खोलकर खाना खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूर-दूर से आए कार्यकर्ताओं ने गर्मी की परवाह नहीं की। अखिलेश ने कहा कि भाजपा लगातार झूठ बोलकर वोट हथियाने का काम कर रही है, लेकिन जो वादे उसने किए वे आज तक पूरे नहीं हुए।

उत्तराखंड प्रहरी
विज्ञापन बुक कराएं
- वैवाहिक
- संपत्ति
- रोजगार
- व्यावसायिक
- श्रद्धांजलि
- बर्थ-डे पार्टी के लिए संपर्क करें।
- स्मरण
- शिक्षा

नोट: संबंधित खबरें भी प्रकाशित होंगी।

संपादक: सुमित तिवारी
uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने भागीरथी-2 चोटी का पर्वतारोहण कर लौटे एन.डी.आर.एफ के जवानों का स्वागत किया

## मुख्यमंत्री ने पर्वतारोही दल का ध्वज ग्रहण कर इस अभियान का विधिवत समापन किया

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में भागीरथी-2 चोटी का पर्वतारोहण कर लौटे एन.डी.आर.एफ के जवानों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पर्वतारोही दल का ध्वज ग्रहण कर इस अभियान का विधिवत समापन किया। मुख्यमंत्री ने एनडीआरएफ के सभी जवानों को इस कठिन अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान करने से आने वाली चुनौतियों का सामना करने में आसानी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पर्वतीय क्षेत्रों में जब भी रेस्क्यू ऑपरेशन की बात आती है तो सबसे पहले हमारी एस.डी.आर.एफ के साथ एन.डी.आर.एफ को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। राज्य में एन.डी.आर.एफ ने समय-समय पर आई प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सराहनीय कार्य किया है। देश के अलावा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में एन.डी.आर.एफ द्वारा तेजी से राहत एवं बचाव के कार्य किये जाते हैं, हमारे इन जवानों की कार्यकुशलता सराहनीय है। महानिदेशक एन.डी.आर.एफ अतुल करवल ने कहा कि एनडीआरएफ के प्रथम पर्वतारोहण अभियान-2023 में अभियान दल द्वारा भागीरथी-2 का 30 मई 2023 को सफल आरोहण किया। उप महानिरीक्षक एनडीआरएफ गम्भीर सिंह चौहान के नेतृत्व में दल के 38 पर्वतारोही शामिल थे। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में एन.डी.आर.एफ की एक बटालियन स्थापित की जा रही है। इस अवसर पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, आईजी एस.डी.आर.एफ रिद्धिम अग्रवाल एवं एनडीआरएफ के पर्वतारोहण दल के जवान उपस्थित थे।



# हरिद्वार विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति बने डॉ. पीताम्बर प्रसाद ध्यानी

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**रुड़की।** उत्तराखंड सरकार की अधिसूचना दिनाँक 30 मई 2023 द्वारा 'हरिद्वार विश्वविद्यालय' की स्थापना की गई है, जिसके प्रथम कुलपति का पदभार डॉ. पीताम्बर प्रसाद ध्यानी द्वारा ग्रहण किया गया है। डॉ. ध्यानी इससे पूर्व राज्य में स्थापित 3 अन्य विश्वविद्यालयों (श्री गुरु राम राय विश्व विद्यालय, उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय) में कुलपति के रूप में कार्य कर चुके हैं l डॉ. ध्यानी ऐक प्रख्यात वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद हैं, जिनके 318 से अधिक वैज्ञानिक प्रकाशन अभी तक प्रकाशित हो चुके हैं l ग्राम रामपुर (देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल) के मूल निवासी डॉ. ध्यानी की छवि ऐक बेहद ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासनप्रिय व कठोर प्रशासक और भ्रष्टाचार विरोधी व्यक्ति के रूप में जानी जाती है। उनके द्वारा पूर्व में किये गये कई अनुकरणीय कार्यों के लिए उन्हें कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरुस्कारों (यथा, टॉप 10 साइंटिस्ट्स ऑफ द वर्ल्ड, उत्तराखंड रत्न, वाइस चांसलर ऑफ द ईयर, आदि) से सम्मानित किया जा चुका है। हरिद्वार विश्वविद्यालय, रुड़की के प्रथम कुलपति बनने पर डॉ. ध्यानी को लोगों ने शुभकामनाएँ दी।



# युवती की कट्टे में हाथ-पांव बंधी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी, जाँच में जुटी पुलिस



**बहादराबाद।( उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता)।** बहादराबाद थाना क्षेत्र में एक युवती की कट्टे में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवती को हाथ-पांव बांधकर कट्टे में डाला हुआ था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कट्टे से बाहर निकाला और शिनाख्त के प्रयास किए। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को बहादराबाद थाना क्षेत्र के शांतरशाह चौकी क्षेत्र में पुल के नीचे कट्टे के पड़े होने की राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर बहादराबाद थानाध्यक्ष व शांतरशाह चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब कट्टे को खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गए। कट्टे में युवती का शव था। जिसके हाथ-पांव बंधे हुए थे। मामले की सूचना मिलते ही सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतका के संबंध में जानकारी ली तथा शिनाख्त के प्रयास किए, किन्तु मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन कर दिया है।

# बैटरी चोरी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, चोरी की गईं 8 बैटरियां बरामद

**रुड़की।** केनरा बैंक के एटीएम परिसर से बैटरी चोरी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी की आठ बैटरियां बरामद की हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक विगत दिनों रूड़की गंगनहर क्षेत्र स्थित कैनरा बैंक के एटीएम से बैटरी चोरी के संबंध में मुकद्मा दर्ज कराया गया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने भारत नगर क्षेत्र से चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी की गईं 8 बैटरियां भी बरामद की। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम जुबेर उर्फ जुग्गी उम्र 25 वर्ष पुत्र शेर मोहम्मद निवासी मकान नंबर 503/19 भारत नगर थाना कोतवाली सिविल लाइन रुड़की जनपद हरिद्वार व सलमान उर्फ कुक्कू उम्र 22 वर्ष पुत्र मेहरबान निवासी माहीग्रान बंदा रोड थाना सिविल लाइन रुड़की जनपद हरिद्वार बताए। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया है।



# देश सेवा के लिए सेना की मुख्यधारा में जुड़े 331 युवा अफसर

उत्तराखड प्रहरा, सवाददाता

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से शनिवार को 331 युवा अफसर देश सेवा के लिए सेना की मुख्यधारा में जुड़ गए। इसके साथ ही मित्र राष्ट्रों के 42 कैडेट्स भी पास आउट हुए। पासिंग आउट परेड की सलामी इस बार सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय ने ली। परेड से पहले परिसर में सेना और बाहर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर सुबह छह बजे परेड शुरू हुई। परेड के बाद पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इसके बाद देश और विदेश के 373 कैडेट्स अफसर बनकर अपनी सेनाओं की मुख्य धारा में जुड़ गए। इनमें 331 अफसर भारतीय सेना को मिले। इनमें डायरेक्ट एंट्री वाले 55 कैडेट्स शामिल हैं। जबकि, एक्स एनडीए 204 और एक्स एससी 40 कैडेट्स पास आउट हुए। 32 कैडेट्स टीजीसी कोर्स के हैं। आईएमए की स्थापना के बाद से अब तक यहां से 64862 देशी एवं विदेशी कैडेट्स पास आउट हो चुके हैं। वहीं, आईएमए के नाम अब तक 2885 विदेशी कैडेट्स को ट्रेनिंग देने का गौरव जुड़ गया है। इस बार भी उत्तर प्रदेश हर बार की तरह सबसे ज्यादा कैडेट्स देने वाला राज्य बना है। उत्तर प्रदेश के 63 कैडेट्स पासआउट होकर अफसर बनेंगे। जबकि, उत्तराखंड इस बार पहली बार की तुलना में दो पायदान पीछे खिसक गया है। पिछले साल जून की परेड में उत्तराखंड के कैडेट्स की संख्या 33 थी। जो इस बार घटकर 25 रह गई है। लेकिन, आबादी के लिहाज से देखें तो इस बार भी कैडेट्स देने वालों में उत्तराखंड अव्वल है। इस साल सिक्किम, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार से एक भी कैडेट आईएमए से पास आउट नहीं होगा। जबकि, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश, असम, चंडीगढ़, गोवा, मणिपुर, ओडिसा व पुडुचेरी से एक-एक कैडेट भारतीय सेना का हिस्सा बनेगा।



**परेड से पहले परिसर में सेना और बाहर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है**

**इस बार भी उत्तर प्रदेश हर बार की तरह सबसे ज्यादा कैडेट्स देने वाला राज्य बना है**

# बिजली के पोल से टकराकर ट्रक में लगी आग, मची अफरा-तफरी

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**मंगलोर।** सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकराकर एक ट्रक मे आग लग गई। हादसा दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में हुआ। घटना जिले की मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को घटी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड और सीपीयू (सिटी पेट्रोलिंग युनिट) पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक में लगी आग को बुझाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, अलबत्ता



ट्रक में रखा सामान आग की भेंट चढ़ गया।

# ये है स्मार्ट सिटी : अरबों रुपये खर्चने के बाद भी चारों और फैला तारों का जंजाल, लापरवाह बने अधिकारी

**महाकुम्भ से पूर्व केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी योजना के लिए हरिद्वार शहर को शामिल किया था**





वासुदेव राजपूत, ब्यूरो

**हरिद्वार।** कहने को तो हम स्मार्ट सिटी मे रह रहे हैं, लेकिन यहां के बाजारों से गुजरने पर आप का स्मार्ट सिटी का भ्रम दूर हो जाएगा। क्योंकि स्मार्ट सिटी के तहत बिजली लाइन को अंडरग्राउंड करने के लिए अरबों रुपए खर्च होने के बाद भी शहर की गलियां और बाजार बिजली के तारों में उलझे हुए है। हरिद्वार के मुख्य मार्गो और कॉलोनियों में लटक रहीं बिजली और अन्य की जर्जर लाइनें खतरा बनी हुई हैं। वीआईपी क्षेत्र हो या भीड़भाड़ वाली जगह या फिर पूरे दिन व्यस्त रहने वाले बाजार और मुख्य मार्ग। सभी जगह बिजली की लाइनें खतरा बनकर झूल रही हैं।जैसे ही गलियों और बाजारों में प्रवेश करते हैं, बिजली के लटकते तार आपका स्वागत करते नजर आते हैं। कई बाजारों में गंदगी और जाम की समस्या भी है, लेकिन जर्जर खंभों पर झूलते बिजली के तार मुख्य समस्या बने हुए हैं। महाकुम्भ से पूर्व केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी योजना के लिए हरिद्वार शहर को शामिल किया था। प्रदश में बिजली व्यवस्था को ठीक करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से अरबों रुपए आवंटित किए गए थे। इस योजना के तहत हरिद्वार के कुंभ क्षेत्र में बिजली लाइन भूमिगत की गई। हरिद्वार की पूरी मार्केट, चौराहो, गली मोहोले सहित सभी जगह पर बिजली के तारों का जंजाल फैला हुआ है। यहां पर दुकानों और घरों की छतों से बिजली और डिस सहित अन्य तार मिलकर लटक रहे हैं। जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। यहां के व्यापारियों का कहना है कि कई बार बिजली के तारों को हटाने मांग की गई। लेकिन नतीजा सिफर रहा। गर्मी के मौसम में तो स्पार्किंग होती रहती है। इससे हर समय भय बना रहता है।

## तारों के जंजाल से मुक्ति पाने के लिए जल्द ही अधिकारीयों से वार्ता की जाएगी : डॉ. विशाल गर्ग



वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विशाल गर्ग ने कहा की हरिद्वार शहर को स्मार्ट सिटी के तहत बिजली की लाइन को भूमिगत तो करा दिया, लेकिन अभी भी जर्जर खंभों पर बिजली के और अन्य तार लटके नजर आ रहे हैं। इस और कोई नहीं दे रहा ध्यान। गर्मी के मौसम में पर कई बार बिजली के लटके तार टूटकर गिर जाते हैं। इससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। हरिद्वार में तारों के जंजाल से मुक्ति पाने किये लिए जल्द ही विधुत अधिकारीयों से वार्ता की जाएगी।

### अभी भी लटकते जर्जर तारों को नहीं हटवाया गया है : अरशद ख्वाजा



समाजसेवी अरशद ख्वाजा ने कहा की स्मार्ट सिटी के तहत यहां बिजली की लाइन तो भूमिगत करा दी गई। लेकिन अभी भी लटकते जर्जर तारों को नहीं हटवाया गया है। हवा चलने पर तार टूट जाते हैं। जिससे हादसे का खतरा रहता है। हरिद्वार की मार्किटों में भी बिजली के जर्जर तार लटके रहते हैं। हवा चलने पर तार टूट कर कई बार गिर चुके हैं। जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।

### अधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही साफ़ दिख रही है : रविश भटीजा



हरिद्वार के समाजसेवी रविश भटीजा स्मार्ट सिटी के तहत करोड़ों की लागत से विद्युत विभाग की देखरेख में शहर की सड़कों की बिजली लाइन को भूमिगत कराया गया था। लेकिन अभी तक हरिद्वार के गली मोहोलों में फैले तार के जंजाल से छुटकारा नहीं मिला है। जिसको लेकर अधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही साफ़ दिख रही है।

### कई बार बिजली के तारों को हटाने की मांग की गई : केश खुराना



कोंग्रेसी नेता केश खुराना ने कहा की हरिद्वार की पूरी मार्केट, चौराहो, गली मोहोले सहित सभी जगह पर बिजली के तारों का जंजाल फैला हुआ है। यहां पर दुकानों और घरों की छतों से बिजली और डिस सहित अन्य तार मिलकर लटक रहे हैं। जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। कई बार बिजली के तारों को हटाने की मांग की गई। लेकिन नतीजा सिफर रहा।

# सीआईपीएल फाउंडेशन ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर छात्रों को लैपटॉप देकर किया सम्मानित,

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**डोईवाला।** सीआईपीएल फाउंडेशन द्वारा ब्लॉक सभागार में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉपर छात्र छात्राओं को संस्था लैपटॉप देकर कर सम्मानित किया। शनिवार को सीआईपीएल फाउंडेशन द्वारा ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून प्रदीप रावत, संस्था की अध्यक्ष व ग्राम प्रधान कोटी मयचक रेखा बहुगुणा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, कांग्रेस डोईवाला विधानसभा पूर्व प्रत्याशी गौरव सिंह, कांग्रेस नेता महेंद्र, द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ और कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून प्रदीप रावत ने अपने संबोधन में कहा की राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2023 में कक्षा 12 में उत्तीर्ण कला वर्ग, विज्ञान वर्ग के मेधावी छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ भविष्य में उनकी प्रतिभा को निखारने हेतु सी पी आई एल संस्था द्वारा लैपटॉप देकर उनके तकनीकी ज्ञान को निखारने हेतु संस्था ने प्रशंसनीय कार्य किया है। परवादून कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित उनियाल एवं कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी रहे गौरव सिंह ने कहा कि जहां सरकारी स्कूलों में लगातार छात्रों की संख्या घट रही है, तो वहीं इन स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र- छात्राएं लगातार बोर्ड परीक्षाओं में अधिक अंक प्राप्त का स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित व भाजपा जिला उपाध्यक्ष विक्रम नेगी ने कहा कि सी.आई.पी.एल फाउंडेशन प्रत्येक वर्ष ऐसे छात्रों के हौसला अफजाई के लिए पुरस्कृत करने का काम करती है सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाया जा सके ओर वह पहले से भी ज्यादा मेहनत कर ओर छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बन सके इस संस्था का सराहनीय कार्य है। गन्ना समिति के चेयरमैन मनोज नौटियाल एवं कांग्रेस नेता महेंद्र भट्ट ने बताया कि अधिकांश मिडिल क्लास परिवार के छात्र-छात्राएं सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करते हैं और इनसे अभिभावक इतने सक्षम नहीं होते कि अपने बच्चों को लैपटॉप जैसी सुविधा मुहैया करा सके ऐसे में सी.आई.पी.एल. फाउंडेशन द्वारा सराहनीय पहल की गई है।




# तकनीकि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा का होना भी आधुनिकता के इस काल मे जरूरी है : नरेंद्र नेगी,

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता



**डोईवाला।** ग्लोबल शिक्षण एवं सेवा संस्था भानियावाला में उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम की ओर से संचालित किये जा रहे एक वर्षीय डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन एण्ड प्रोगामिंग एवं डिप्लोमा इन रिपेरिंग एण्ड मैन्टिनेंस ऑफ इलैक्ट्रानिक्स एप्लाइंसस कोर्स का समापन मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष डोईवाला नरेन्द्र सिंह नेगी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान नरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं अंकतालिका वितरित किये एवं उन्होने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुऐ कहा कि छात्र-छात्राओं को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अर्जित ज्ञान का लाभ लेते हुये इसको रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना चाहिये। उन्होने जोर देकर कहा कि आज हमारे नवयुवक/युवतियां नशे के मायाजाल में फंस रहे हैं हमे इससे दूर रहकर अपने मित्रों को भी जागरूक करने का प्रयास करना चाहिये तथा उन्होने जोर देकर कहा कि तकनीकि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा का होना भी आधुनिकता के इस काल मे जरूरी है, थसंस्थान के चेयरमेन बी0एस0 राणा ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जरूरतमद् छात्र-छात्राओं को शिक्षित कर रोजगार के प्रति प्रेरक करना है तथा इस प्रकार की प्रशिक्षण कार्यक्रमों से एकेडमिक स्तर को भी बढावा मिलता है उन्होने छात्रों को जोर देकर कहा कि समय का सदुपयोग कर सरकार कि योजनाओं का पूर्ण लाभ लेना चाहिये तभी सरकार की कोई योजना सफल होती है। इस मौके पर अन्य क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि गणेश रावत तथा संस्थान के सागर गुसाँई, अखिलेश कुमार, रिचा नेगी, सीमा, अंशिका, मुस्कान आदि मौजूद थे।

# नहर में नहाते गया युवक तेज बहाव के कारण डूबा, तलाश जारी

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**बहादराबाद।** बहादराबाद ऊपरी गंग नहर के पास अक्षर आए दिन हादसा होता रहता है जहा शाम को पीने व नहाने वालों का जमावड़ा लग जाता है जबकि सिंचाई विभाग व पुलिस के द्वारा चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं समय-समय पर बहादराबाद पुलिस के द्वारा नहर में नहाने वाले लोगों के चालान भी की गए हैं। इसी कड़ी में शनिवार को चार युवक आपस में इसी नहर में नहाने गए थे जिससे एक युवक ने नहर को पार करने की इच्छा जताई नहर में पानी के तेज बहाव के कारण युवक पानी में बह गया जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चला। सूचना तत्काल थाना बहादराबाद को दी गई पुलिस व जल पुलिस ने मौके पर पहुंच कर डूबे युवक की तलाश शुरू कर दी काफी मशक्कत के बाद डूबे युवक का खबर लिखे जाने तक कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने बताया की गोविंद पुत्र शेरू रुस्तमपुर थाना हल्दौर हाल निवासी राजा बिस्कुट रावली महबूब किसी कंपनी में काम करता था दोस्तों के साथ मौज मस्ती करते हुए आज वह नहर में डूब गया यद्यपि जल पुलिस ने पानी कम करने के बाद तलाश जारी रखी परंतु डूबे हुए युवक का अभी तक कुछ पता नहीं चला।

# नए डीएम के आने पर बढ़ गया खनन, मातृ सदन ने लगाया आरोप

**टांडा भागमल, फेरूपुर, सुल्तानपुर, बिशनपुर समेत कई स्थानों पर चल रहा खनन**

**समय से पहले ही हो गया तत्कालीन जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय का तबादला**

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता





**हरिद्वार।** मातृ सदन के ब्रहमाचारी सुधानंद ने नए जिलाधिकारी पर उनके आने के बाद क्षेत्र में खनन बढ़ने का आरोप लगाया है। खनन माफिया लगातार किसानों की कृषि योग्य भूमि में जेसीबी और पोकलैंड मशीन से खनन कर रहे है। खनन का विरोध करने पर खनन माफिया ग्रामीणों को ही डरा रहा हैं। नवनियुक्त जिलाधिकारी धीराज गर्ब्याल को भेजे पत्र में मातृ सदन के ब्रहमाचारी सुधानंद ने कहा कि मातृ सदन एक दिव्य आध्यात्मिक संस्था है। जो भ्रष्टाचार उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पिक है। कहा कि टांडा भागमल, फेरूपुर, सुल्तानपुर, बिशनपुर और हरिद्वार के अन्य खनन प्रभावित क्षेत्रों से मातृ सदन को लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही है कि माफियाओं ने कृषि योग्य भूमि में जेसीबी और पोकलैंड से खनन करवाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई किए जाने को लेकर मातृ सदन की ओर से कई पत्र जिलाधिकारी को भेजे गए, लेकिन किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में यदि खनन का विरोध किया जा रहा है तो माफियाओं का साफ कह रहे हैं कि उन्होंने अधिकारियों तक पैसे पहुंचा दिए हैं, किसी भी शिकायत पर अब कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पत्र में ब्रहमाचारी सुधानंद ने कहा कि यह अवैध गतिविधियां अचानक ही पिछले 15 दिनों के अंदर बहुत बढ़ गई हैं। पुलिस और प्रशासन माफियाओं के साथ मिलकर ग्रामीणों को दबाने का काम कर रहे हैं। जिसके लिए सीधे तौर पर आप जिम्मेदार हैं। खनन से आसपास के किसानों की जमीन धंसने लगी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पिछले 20 दिनों में अवैध ट्रेक्टर ट्राली से कम से कम 8 मौतें हो चुकी है। इन मामलों में प्रशासन की ओर से कोई सुध नहीं ली गई है। गंगा में खनन बंद होने के बावजूद अभी तक सैंकड़ों स्टोन क्रेशर चल रहे हैं। सीज स्टोन क्रेशरों को फिर से खोल दिया गया है। हरिद्वार देवभूमि है, कुंभ नगरी है, हज़ारों साधु-संतों की तपस्थली है। यहां खेती के लिए अत्यंत उपजाऊ जमीन है, भेल है, सिडकुल है, अनेक फैक्ट्रियां हैं, इंडस्ट्रीज हैं, तीर्थ नगरी होने के कारण यहां करोड़ों श्रद्धालु आतें हैं, मेडिकल हब हैं। जहां राज्य और देश के अनेक कोनों से लोग इलाज करवाने आते हैं। इसलिए यहां रोजगार की कमी नहीं है। इनसब के बावजूद कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और माफियाओं की मिलीभगत से खनन से गंगा और अन्य नदियों को बर्बाद किया जा रहा है। साथ ही कृषि योग्य भूमि को तबाह किया जा रहा है। उन्होंने शीघ्र खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# अनियंत्रित होकर पुल के पास नहर में जा गिरी दो लोग सवार थे, पुलिस ने बचाई जान

**हरिद्वार,(सवांददाता)।** कोटद्वार से आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर ओम पुल के पास नहर में जा गिरी। कार में दो लोग सवार थे। गनीमत रही की समय रहते जल पुलिस के गोताखोरों ने दोनों को सकुशल कार से बाहर निकाल लिया और कार को भी क्रेन की मदद निकाल लिया गया। बीती रात्रि करीब सवा दो बजे सिटी रोड़ी बेलवाला चौकी पुलिस को कंट्रोल रूम से एक कार के पुल के पास नहर में गिरने की सूचना मिली। जिस पर एसआई प्रवीण रावत, कांस्टेबल विनोद रावत व कांस्टेबल चौकी रोड़ी बेलवाला ने जल पुलिस को सूचित करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। जहां जल पुलिस के गोताखोरों की मदद से कार में सवार कोटद्वार निवासी अजय पुत्र संतोष सिंह रावत 27 वर्ष व गणेश पुत्र हरीश चंद 23 वर्ष को सकुशल नहर से बाहर निकाल लिया गया। वहीं मौके पर क्रेन बुलाकर कार को भी निकाला गया। दोनों कार सवारों के लिए पुलिस किसी देवदूत से कम नहीं थी। अगर समय से उन तक मदद ना पहुंचती तो बड़ी जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता था। क्योंकि जैसे देर रात्रि का समय होने के बावजूद कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर पुलिस का तुरन्त एक्शन देखने को मिला वह वाकई काबिले तारीफ तो है ही साथ ही दोनों कार सवारों के लिए पुलिस देवदूत से कम भी नहीं थे।

# नव मतदाता सम्मेलन में युवाओं को जागरूक करते हुए समझाई जिम्मेदारी, राष्ट्रहित में करेंगे काम

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**हरिद्वार।** भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विक्रम भुल्लर के नेतृत्व में हुए महा जनसपंर्क अभियान के तहत नव मतदाता सम्मेलन में सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने युवाओं को देश की आजादी के बलिदानियों का इतिहास स्मरण कराते हुए भाजपा की केंद्र सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने देश के अधूरे काम को पूरा करने के लिए फिर से भाजपा की केंद्र सरकार बनवाने में अपने कीमती मतदान का सहयोग करने की अपील की। शनिवार को लक्सर रोड पर वेलकम मंडप में हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र का नव मतदाता सम्मेलन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने देश की आजादी में शहीद हुए बलिदानियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश के युवा देश की सीमा की सुरक्षा करते हुए बलिदान दे रहे है।

उन्होंने सम्मेलन में शामिल हुए नवमतदाताओं से कहा कि देश को बचाने की जिम्मेदारी उनपर ही है। ऐसे में अपनी जिम्मेदारी सोच समझकर करनी होगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से जनहित में लागू की गई जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने अटल मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, स्वामित्व योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को असामाजिक गतिविधियों के साथ नशाखोरी एवं दुव्यर्सनों से दूर रहने को प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष विक्रम भुल्लर ने कहा कि नव मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें राष्ट्रहित के बारे में जागरूक करने का काम सभी मिलकर करेंगे। इस मौके पर







जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री आशु चौधरी, मंडल अध्यक्ष प्रणव यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, जिला महामंत्री अभिनव चौहान, जिला उपाध्यक्ष संदीप प्रधान, उपाध्यक्ष नवजोत वालिया, पार्षद अनुज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता तरुण चौहान, छोटू जयंत, विकास पंवार, चेतन यादव, अजय नामदेव, प्रदीप चौहान, मोहित कुमार, आदर्श कश्यप, नेत्रपाल सिंह चौहान, विवेक चौहान, पवन पंत, दीपक रावत, विनोद, अंकित चौहान, जिपं सदस्य अंकित कश्यप, संजीव, रविंद्र चौधरी, अरविंद, विनोद, संजीव चौहान, गुरबाज सिंह आदि शामिल हुए।

# राष्ट्रपिता के हत्यारे को राष्ट्रभक्त बोलना सिर्फ राष्ट्रपिता का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का अपमान है : मोहित

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**डोईवाला।** कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल के नेतृत्व में डोईवाला शहीद दुर्गामल्ल चौक पर एकत्र हो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के हत्यारे नाथूराम गौड़से को देश भक्त बताने के विरोध में भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस द्वारा द्वारा पूर्व भाजपा के उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का शहीद दुर्गामल्ल चौक पर पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन कर परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व भाजपा नेता द्वारा यूपी स्थित बलिया भाजपा कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के हत्यारे नाथूराम गौड़से को देश भक्त बताने पर भाजपा का असली चेहरा फिर बेनकाब, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान और राष्ट्रपिता के हत्यारे को राष्ट्रभक्त बोलना सिर्फ राष्ट्रपिता का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का अपमान है लेकिन यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी कई बार भाजपा के नेता महात्मा गांधी का अपमान कर चुके हैं, और सबसे शर्मनाक बात यह है कि जो प्रधानमंत्री देश और विदेश में गांधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रवचन देते हैं, वो भाजपा नेताओं द्वारा किए जा रहे गांधी के अपमान पर खामोश रहते हैं, पीसीसी सदस्य व पूर्व विधानसभा डोईवाला कांग्रेस प्रत्याशी गौरव चौधरी ने कहा की त्रिवेंद्र सिंह रावत को देश से मांफी मांगनी चाहिए व भाजपा को उनसे त्यागपत्र लेना चाहिए वहीं देश के प्रधानमंत्री विदेशों में जाकर बापू की प्रतिमा पर फूल चढ़ाते हैं, लेकिन जब देश में उनके ही सांसद, पूर्व मंत्री और नेता गांधी का अपमान करते हैं तब वह चुप रहते हैं यदि हम भाजपा के नेताओं, प्रवक्ताओं और उनसे जुड़े संगठनों द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किए गए बापू के हर अपमान का ज़िक्र करने लगें तो एक पूरी किताब लिखनी पड़ेगी।




कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह करतार नेगी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री से मांग करते हैं यदि उनके दिल में गांधी के लिए सही मायने में कोई स्थान है तो इस बार निर्णायक फ़ैसला लें । उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को पार्टी से बाहर करें एवं एक ज़ोरदार संदेश दें, और यदि ऐसा नहीं करते हैं तो गांधी जी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाना और उनको लेकर प्रवचन देना बंद करें। प्रदर्शन पर परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, पीसीसी सदस्य गौरव चौधरी, डोईवाला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह करतार नेगी, डोईवाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र स्वरूप भट्ट, डोईवाला गन्ना समिति अध्यक्ष मनोज नौटियाल, ईश्वर चंद्र पाल, डोईवाला युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सावन राठौर, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं सभासद गौरव मल्होत्रा, बलविंदर सिंह, संजय खत्री, पन्ना लाल गोयल, उमेद बोरा, जितेंद्र कुमार, आरिफ अली, आशीष राणा, अजय असवाल, सुनींल बरमन, अकरम, शाकिर, राजेश सृंगारी, शुभम काम्बोज, अमन बिष्ट, सतनाम सिंह, साहिल अली, कमल अरोड़ा, विमल गोला, बलबीर सिंह, अनुज कालरा, संजीव भट्ट आदि मौजूद थे।

# टोल प्लाजा पर पैसे बचाने के चक्कर में अज्ञात वाहन को मारी टक्कर

उत्तराखंड प्रहरी

**बहादराबाद।** टोल प्लाजा पर टोल न देने व पैसे बचाने के चक्कर में अज्ञात वाहन ने रुड़की रामनगर निवासी अंकित वेद की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसमें बैठे उसका पूरा परिवार बाल-बाल बच गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। बताया जाता है की टोल प्लाजा पर टोल ना देने के कारण अज्ञात वाहन सवार इतनी तेजी में था कि उसने अपने सामने चल रहे वाहन में बुरी तरह टक्कर मार दी। यद्यपि किसी के जान माल कि नुकसान की कोई सूचना नहीं है। लेकि दोनों गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसकी सूचना चौकी संतर शाह को भी दी गई। टक्कर मारने वाला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और वह भागने में सफल रहा।

# भारत की संघर्षपूर्ण वापसी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 300 के करीब




**लंदन,वार्ता)।** अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (89) और हरफनमौला शार्दुल ठाकुर (51) के जुझारू अर्द्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रयास की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में कुछ हद तक वापसी की। भारत ने 152 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद रहाणे और शार्दुल के संघर्ष की बदौलत पहली पारी में 296 रन बनाये। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया के चार विकेट 123 रन पर गिर गये, हालांकि उसकी बढ़त 295 रन तक पहुंच चुकी है। तीसरे दिन भारत के नायक रहाणे और शार्दुल रहे जिन्होंने सातवें विकेट के लिये 109 रन की शतकीय साझेदारी की।

भारत के लिये दिन की शुरुआत निराशाजनक रही और स्कॉट बोलैंड ने दूसरी ही गेंद पर श्रीकर भरत (पांच) को बोल्ड कर दिया। छह विकेट मात्र 152 रन पर गिरने के बाद शार्दुल और रहाणे ने भारतीय पारी को संबल दिया जबकि उन्हें किस्मत का भी साथ मिला। शार्दुल को शून्य रन पर एक जीवनदान तब मिला जब बोलैंड की गेंद पर उस्मान ख्वाजा उनका कैच नहीं लपक सके। उन्होंने इसका फायदा उठाते हुए बोलैंड के दूसरे ओवर में दो चौके लगाये। शार्दुल को दूसरा जीवनदान तब मिला जब पैट कमिंस की गेंद पर कैमरन ग्रीन ने स्लिप में उनका कैच गिरा दिया।

इसी बीच, दूसरे छोर पर खड़े रहाणे ने कमिंस को छक्का लगाकर 92 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने कुछ देर बाद कैमरन ग्रीन की गेंद पर दो रन लेकर टेस्ट क्रिकेट में 5000 रन भी पूरे किये। रहाणे जब 71 रन के स्कोर पर खेल रहे थे तब डेविड वॉर्नर ने स्लिप में उनका कैच गिराकर उन्हें मैच का दूसरा जीवनदान दिया। रहाणे और शार्दुल ने ऑस्ट्रेलिया की इन गलतियों को भुनाते हुए 59वें ओवर में 100 रन की साझेदारी पूरी की और भारत को 250 रन के पार भी पहुंचाया। शार्दुल इसके फौरन बाद पवेलियन लौट सकते थे लेकिन कमिंस ने उन्हें जिस गेंद पर पगबाधा किया वह नो बॉल निकली।

भारत ने लंच से पहले छह विकेट के नुकसान पर 260 रन बना लिये। सत्र के अंत तक भारत अच्छी स्थिति में लग रहा था, लेकिन रहाणे और शार्दुल के बाद उसके पास कोई बल्लेबाज नहीं बचे थे। लंच के बाद दूसरे ओवर में ही ग्रीन ने दर्शनीय कैच पकड़कर रहाणे को 89 रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। करीब 18 महीने बाद टीम में वापसी कर रहे रहाणे ने 129 गेंद की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया, हालांकि उनके विकेट के साथ भारत का संघर्ष भी समाप्त हो गया। रहाणे के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम तीन विकेट लेने में ज्यादा समय व्यर्थ नहीं किया। शार्दुल ने कमिंस को चौका लगाकर 108 गेंदों में अर्द्धशतक पूरा किया, लेकिन 51 रन के स्कोर पर ग्रीन ने उनकी पारी समाप्त की। इसी बीच, कमिंस ने उमेश यादव को जबकि मिचेल स्टार्क ने मोहम्मद शमी को आउट करके भारतीय पारी का अंत किया।

कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के लिये सर्वाधिक तीन विकेट लिये, जबकि स्टार्क, बोलैंड और ग्रीन को दो-दो विकेट हासिल हुए। नेथन लायन ने मात्र चार ओवर डालकर एक सफलता हासिल की। रहाणे-शार्दुल के संघर्ष से भारत को आत्मविश्वास मिला, जो उसकी गेंदबाजी में भी देखने को मिला। मोहम्मद सिराज ने चौथे ओवर में वॉर्नर (एक रन) को विकेटकीपर भरत के हाथों कैचआउट करवाया। इसके बाद हालांकि उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन ने चाय तक ऑस्ट्रेलिया का कोई और नुकसान नहीं होने दिया।



# एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप 16 से 23 सितंबर तक पंदोओ में आयोजित

**शिमला(वार्ता)** हिमाचल प्रदेश में एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 23 सितंबर तक सतलुज नदी के साथ पंदोआ में किया जाएगा। यह जानकारी शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी ने शुक्रवार को यहाँ एनआईसी हॉल में एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप के आयोजन को लेकर प्रतियोगिता के आयोजकों के साथ वर्चुअल बैठक की।

उन्होंने कहा कि भारत वर्ष में पहली बार इतने बड़े स्तर पर राफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ होटल पीटरहॉफ शिमला से होगा। चैंपियनशिप के शुभारंभ से पूर्व एक फ्लैग मार्च रिज से शुरू होकर चैड़ा मैदान तक निकला जायेगा जिसमें हर एक टीम के साथ दो बच्चे सम्बंधित देश का झंडा और प्लेकार्ड लेकर मार्च करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस चैंपियनशिप में पुरुष, महिला, मिक्स एवं पैरा राफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें विश्व की 20 टीमों के लगभग 180 प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि गत दिनों उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जीती हुई टीमें भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता को पूर्ण करने हेतु अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है जिसमें वित्त, प्रशासनिक और तकनीकी समिति शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों द्वारा एक पौधा भी रोपित किया जाएगा। इस बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कानून एवं व्यवस्था राहुल चैहान, वर्ल्ड राफ्टिंग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर शौकत सिकंद तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कारोबार

# महिंद्रा ने लॉन्च किया अपना पहला डुअल-फ्यूल स्मॉल कमर्शियल व्हीकल


**अहमदाबाद (वार्ता)।** भारत में स्मॉल कमर्शियल व्हीकल (एससीवी) के मार्केट लीडर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने अपना पहला डुअल-फ्यूल स्मॉल कमर्शियल व्हीकल नया सुप्रो सीएनजी डुओ यहां शुक्रवार को लॉन्च किया।

एमएंडएम ऑटोमोटिव डिवीजन प्रेसिडेंट विजय नाकरा ने यहां जारी अपने बयान में कहा, "सुप्रो सीएनजी डुओ की लॉन्चिंग के साथ हम महिंद्रा की समृद्ध और गौरवशाली परंपरा को ही आगे बढ़ा रहे हैं। महिंद्रा की पहचान आज एक ऐसी कंपनी के तौर पर है जो ग्राहकों के विजन और बाजार के दशकों के नेतृत्व के आधार पर इनोवेटिव और विश्वसनीय कमर्शियल व्हीकल्स बनाती है। सुप्रो सीएनजी डुओ के साथ कंपनी ने डुअल- फ्यूल सेगमेंट में प्रवेश कर लिया है। सुप्रो सीएनजी डुओ के साथ हम इसके मालिकों और ऑपरेटरों को उल्लेखनीय रूप से कम परिचालन लागत की पेशकश करने का प्रयास कर रहे हैं।" श्री नाकरा ने कहा इसे लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन और ई-कॉमर्स कंपनियों की मुश्किल जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है और साथ ही ग्राहकों को बेहद बेहतर मूल्य प्रस्ताव दिया गया है।




सुप्रो सीएनजी डुओ की शुरुआत महिंद्रा की गहरी जड़ों वाली फिलॉस्फी राइज फॉर गुड को ही दर्शाती है। यह एक ऐसी फिलॉस्फी है जो लोगों और समुदायों के जीवन के साथ-साथ कारोबारों में भी सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करती है।

एमएंडएम ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी एंड प्रोडक्ट डेवलपमेंट प्रेसिडेंट आर वेलुसामी ने कहा, ''नए सुप्रो सीएनजी डुओ को एक स्मार्ट और आसानी से संचालित होने वाले दोहरे ईंधन वाले छोटे वाणिज्यिक वाहन के रूप में तैयार किया गया है जो न केवल कम उत्सर्जन करता है बल्कि इसके जरिये परिचालन लागत भी बहुत कम आती है। इस तरह यह वाहन मालिकों के लिए पर्याप्त बचत के लिहाज से भी अग्रणी साबित होता है। हमने नए सुप्रो सीएनजी डुओ में कई अनेक ऐसी विशेषताएं शामिल की हैं। जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे पहले अपनाया गया है। इनमें प्रमुख हैं- डायरेक्ट-स्टार्ट सीएनजी, अधिकतम सुरक्षा के लिए इंटेलिजेंट सीएनजी लीक डिटेक्शन और 750 किलोग्राम की अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पेलोड क्षमता और तो और 75 लीटर के सबसे बड़े सीएनजी टैंक की क्षमता और बेहतरीन माइलेज के साथ नया सुप्रो सीएनजी डुओ रेंज संबंधी चिंता को भी दूर करता है।



# विदेशी मुद्रा भंडार 5.92 अरब डॉलर बढ़कर 595.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 02 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.92 अरब डॉलर बढ़कर 595.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 4.34 अरब डॉलर घटकर 589.14 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 02 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.3 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 526.2 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 65.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 45.6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 60 लाख डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि एक करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.12 अरब डॉलर हो गया।

# संपादकीय

## आरएसएस की नसीहत

आरएसएस के मुखपत्र 'ऑर्गेनाइजर' में छपे आलेख का सारांश यह है कि आखिर भाजपा कब तक 'मोदी के मैजिक' और हिंदूवाद के भरोसे रहेगी ? प्रधानमंत्री मोदी का कथित करिश्मा और वैचारिक ताकत दोनों ही 'चरमोत्कर्ष' को छू चुके हैं। अब आगे के विस्तार की कोई संभावना नहीं है। स्थानीय, क्षेत्रीय नेतृत्व का विकल्प मोदी नहीं हो सकते, लिहाजा भाजपा को अपने क्षेत्रीय क्षत्रपों को मजबूत करना होगा, जो 'जनसंघ' के दौर से पार्टी की बुनियादी ताकत रहे हैं। बेशक आज वे सीमित और संकुचित लगते हैं। 'ऑर्गेनाइजर' और 'पांचजन्य' संघ के अंग्रेजी-हिंदी मुखपत्र हैं। संघ भाजपा को जो भी नसीहत या चेतावनी देना चाहता है, इन्हीं मुखपत्रों के आलेखों अथवा संपादकीय के जरिए कहता रहा है। संघ में सर्वेक्षण की कोई परंपरा नहीं है। संघ अपने स्थानीय प्रचारकों के जरिए सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और सामयिक सूचनाएं एकत्रित करता है और फिर भाजपा तक प्रेषित करता है। हालांकि संघ का यह बुनियादी एजेंडा भी नहीं है कि वह भाजपा की राजनीति की दिशा और दशा को दुरुस्त करे, लेकिन भाजपा संघ की सोच का ही एक अंतरंग हिस्सा है, लिहाजा महत्त्वपूर्ण चुनावों से पहले वह पार्टी को सचेत जरूर करता रहा है। संघ के मुखपत्र में छपे आलेख पर कर्नाटक चुनाव और उसके जनादेश की चिंताएं छाई लगती हैं। भाषायी पुनर्गठन के खतरों की चिंता और मुसलमान-चर्च की लामबंदी के समीकरण कर्नाटक चुनाव तक ही सीमित थे। अब राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम राज्यों में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन वे सभी चुनाव कर्नाटक की तर्ज पर होंगे, ऐसा बिल्कुल भी संभव नहीं है। सबसे गौरतलब यह है कि अब देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी और उनके मुद्दों, आश्वासनों से ऊबने लगी है।

हालांकि यह दीगर है कि अभी तक जितने भी सर्वेक्षण सामने आए हैं, उनमें प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता सबसे अधिक है, लेकिन राहुल गांधी भी स्वीकार्यता में आगे बढ़ते जा रहे हैं। संघ का विश्लेषण यह है कि जातिवाद, क्षेत्रवाद, धार्मिक पहचान और मोदी के देशव्यापी करिश्मे का जो 'गोंद' था, अब वह टूटने लगा है। संघ चिंतित लगता है कि भाजपा का जो 'यूएसपी' था, उसके काफी भीतर तक कांग्रेस सेंध लगा चुकी है। 'कल्याणवाद' के जरिए मोदी और भाजपा ने जो 'लाभार्थी' वोट बैंक तैयार किया था, वह कांग्रेस की 'गारंटियों' के प्रति भी लालायित हो रहा है, लिहाजा यह जरूरी नहीं है कि जिन 81.5 करोड़ भारतीयों को 'मुफ्त अनाज' बांटा जा रहा है और आम चुनाव तक यह जारी भी रहेगा, उनके वोट निश्चित तौर पर भाजपा के पक्ष में ही जाएंगे। दूसरे पक्षों की 'मुफ्त बिजली', मुफ्त शिक्षा, मुफ्त परिवहन, मुफ्त इलाज और अन्य भत्तों की 'रेवडियां' भी आकर्षित करती हैं, लिहाजा वोट बैंक बंट भी रहे हैं। बेशक जातिवाद एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है, लेकिन राज्यों में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है, प्रधानमंत्री मोदी ही उसका जवाब नहीं हो सकते। सिर्फ हिंदुत्व ही सत्ता-विरोधी लहर की भरपाई नहीं कर सकता।

## नशे का मरकज बन चुकी रेव पार्टियां

**प्रताप सिंह पटियाल**



किसी भी क्षेत्र में इंकलाब लाने की सलाहियत रखने वाले मुल्क के मुस्तकबिल युवावेग के लब यदि नशे के तलबगार बन जाएं तो मुकाम जुर्म की दुनिया में ही तलाशा जाएगा। आगाज-ए-जवानी में अजीम मुस्सविर बनने का ख्वाब देखने वाली निगाहें यदि नशे के लिए बेताब रहें तो युवा ताकत का भविष्य जुल्मत के दौर में ही जाएगा। नशे की सुनामी के आगे अभिभावकों के अरमान जमींदोज हो रहे हैं। नशीले पदार्थों के व्यसन से दर्दनाक मौतें व जहरीली शराब से मातम का चित्कार जैसी खौफनाक खबरें जब अखबारों के पन्नों पर धूल उड़ाती हैं तो अभिभावकों की जिंदगी और भी तल्ख तरीन हो जाती है।

लेकिन तरक्की की इबारत लिखने की बेचैनी पैदा करने वाली मेहनत का नशा यदि जुनून बनकर जीवन में शुमार हो जाए तो मुकद्दर के बंद पड़े दरवाजे भी खुल जाते हैं। मुनासिब मुकाम हासिल करने के लिए मेहनत का जुनून किसी मशबरे का मोहताज नहीं होता। अपने पराक्रम के बल पर हिंदोस्तान को गौरवान्वित करने वाले सैन्य पृष्ठभूमि के गढ़ हिमाचल प्रदेश में कुछ वर्ष पूर्व तक नशाखोरी जैसी चीजें देखने सुनने को नहीं मिलती थी, मगर हर रोज नशीले पदार्थों का पकड़ा जाना राज्य में नशा माफिया के बेखौफ कारोबार व मजबूत नेटवर्क की तस्दीक करता है।

पहाड़ की शांत शबनम पर उग रहे नशे के सजर व नशे की अवैध तिजारत देवभूमि की धरा पर इंतशार पैदा कर रहे हैं। देश के सबसे शांतमयी राज्यों में शुमार हिमाचल में पर्यटन के नाम पर देश विदेश के सैलानियों व प्रवासियों की बढ़ती संख्या से प्रदेश में नशाखोरी व कई संगीन वारदातों की नई दस्तक महसूस हो रही है। दरअसल भारतीय सेना द्वारा चार युद्धों में शर्मनाक शिकस्त का अजाब झेलकर आलमी सतह पर जलील हो चुके पाक सिपहसालारों ने सरहदों पर आतंक व नशे की सप्लाई को भारत के खिलाफ अपना अचूक हथियार बना लिया है। देश के समृद्ध राज्य पंजाब में लगभग चार दशक पूर्व पाकिस्तान ने नशाखोरी का एक ऐसा नेटवर्क खड़ा किया जिसने युवा कौम को नशे के जाल में फंसाकर बर्बादी के मुहाने पर खड़ा कर दिया। पांच दरियाओं की धरती कहे जाने वाले पंजाब सूबे में छठा दरिया नशे का बहना शुरू हुआ। नशीले पदार्थों की खपत का एक बड़ा बाजार बनने के कारण ही पंजाब की शिनाख्त 'उड़ता पंजाब' के रूप में हुई।

दहशतगर्दी के मरकज पाकिस्तान से लगती अंतर्राष्ट्रीय सरहद पर ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक से नशीले पदार्थों की तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। पंजाब से लगते हिमाचल के जिलों में भी नशे की गतिविधियां रफ्तार पकड़ रही हैं। लेकिन सरहदों व समुद्री तटों पर नशा तस्करी के अलावा कुछ वर्षों से देश में रेव पार्टियों व हुक्का बार के रूप में नशे का एक नया प्रचलन शुरू हो चुका है। विडंबना है कि गरीब व मजदूर वर्ग जहरीली शराब का शिकार होकर मौत की आगोश में समा रहे हैं तथा बेहद महंगे नशे के लिए कुख्यात हाइप्रोफाइल रेव पार्टियों में धनकुबेरों के शहजादों की बज्म सजती हैं।

रेव पार्टी यानि कई किस्म के महंगे नशे व मौज मस्ती से लबरेज जोशीली बज्म-ए-अंजुम। जहां अय्याशी के खुले इंतजाम में जिगर की ख्वाहिश केवल नशा होता है। चरम पर अश्लीलता के आगे नैतिकता, शिष्टाचार व गैरत भी शर्मसार होकर अपना वजूद तलाशने को मजबूर रहते हैं। डीजे की बुलंद आवाज में युवाओं को मदहोश करके मर्यादाओं से ज्यादा अदाओं को अहमियत देने वाली पश्चिम की इस बेमुरब्बत तहजीब ने युवावर्ग को संस्कार विहीन करके भारतीय संस्कृति से विमुख कर दिया है। चिंताजनक पहलू यह है कि बड़े शहरों व समंदर के बीच में नशे से गुलजार होने वाली निशाचर रेव पार्टियों का क्रेज देवभूमि के पहाड़ों पर भी दस्तक दे चुका है। जांच एजेंसियों से महफूज रहने के लिए नशे के इस खेल को रेव पार्टियों के जरिए पहाड़ों पर खुफिया तरीके से अंजाम दिया जाता है।

## पृथ्वी तत्त्व का मतलब

हम जिस तरह का व्यवहार धरती के साथ करते हैं, वैसा ही अपने शरीर के साथ भी करते हैं। ये देखना बहुत ज्यादा महत्त्वपूर्ण है कि पृथ्वी तत्त्व हमारे भौतिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक खुशहाली के लिए क्या काम करता है। अगर पृथ्वी तत्त्व आपके साथ सहयोग न करे तो आप कुछ भी नहीं कर सकते

जब हम यौगिक संदर्भ में पृथ्वी शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो हम केवल उस ग्रह की ही बात नहीं करते जिस पर हम रहते हैं, बल्कि सबसे मूल तत्त्व उस मिट्टी की बात करते हैं, जिससे हमारे भौतिक शरीर बनें हैं और पृथ्वी पर हर चीज बनी है। हमारे भौतिक शरीर मूल रूप से पांच तत्त्वों मिट्टी, पानी, हवा, आग और आकाश से मिल कर बने हैं पर मिट्टी इन सब में एकदम मूल और स्थिर तत्त्व है। अगर हम ऊर्जा तंत्र और चक्रों की बात करें, तो पृथ्वी तत्त्व मूलाधार से जुड़ा है। इसी आधार पर बाकी तत्त्व आगे बढ़ते हैं। हालांकि पृथ्वी तत्त्व हमारे चारों ओर के सारे भौतिक पदार्थों का भी हिस्सा है, बेहतर ये होगा कि हम इसे अपने जीवन के आधार के रूप में समझना शुरू करें क्योंकि ज्यादातर लोग वाकई में, सिर्फ अपने शरीर और मन ही का अनुभव कर पाते हैं।

अपने अंदर से पृथ्वी तत्त्व को जानना और अनुभव करना यौगिक प्रक्रिया का एक हिस्सा है। कुछ भी खाने का मतलब है मिट्टी के एक भाग को अपने अंदर डालना। मूल रूप से हम धरती के एक भाग से ही अपने शरीर को बनाए रखते हैं। हम जिस तरह का व्यवहार धरती के साथ करते हैं, वैसा ही अपने शरीर के साथ भी करते हैं। ये देखना बहुत ज्यादा महत्त्वपूर्ण है कि पृथ्वी तत्त्व हमारे भौतिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक खुशहाली के लिए क्या काम करता है।

## विपक्षी एकता पर भारी बिहार का भ्रष्टाचार

**योगेंद्र योगी**

बिहार की गुलाटी मारती गठबंधन वाली राजनीति में नीतीश ने कई बार गुलाटी खाई है। वर्ष 2017 जुलाई में कलह की वजह को नीतीश ने भ्रष्टाचार के खिलाफ असहिष्णुता बताया था। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले को वजह बताते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने राजद के साथ गठबंधन तोड़ते हुए कहा था कि उन्हें घुटन महसूस होती है। छह साल बाद उन्होंने राजद से फिर हाथ मिला लिया। तेजस्वी डिप्टी सीएम बने और तेज प्रताप यादव को मंत्री बनाया गया। नीतीश कुमार विपक्षी एकता के प्रयासों के जरिए भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बिहार में लालू के शासन में हुए भारी भ्रष्टाचार और अराजकता की छाप अभी तक बनी हुई है। लालू यादव की पार्टी से सत्ता के लिए किए गए गठबंधन के बाद प्रदेश की छवि बदलने के प्रयासों को झटका लगा है। उस पर भ्रष्टाचार और आपराधिक घटनाएं कोढ़ में खाज साबित हो रही हैं। भाजपा नीतीश सहित अन्य विपक्षी दलों पर सार्वजनिक तौर पर भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था को मुद्दा बनाती रही है। निश्चित तौर पर आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के लिए यह बड़ा मुद्दा होगा।

विपक्षी एकता के प्रयासों में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की पुल ढहने की घटना ने अच्छी-खासी किरकिरी करा दी। भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दलों को निशाना बनाने से भाजपा नहीं चूकती। भाजपा पूर्व में भी विपक्षी एकता के प्रयासों पर ऐसे प्रहार करती रही है। विपक्षी एकता के प्रयासों को भ्रष्टाचारियों को बचाने का गठजोड़ बताती रही है। दरअसल भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अगुवानी घाट गंगा नदी पर 1710 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे निर्माणाधीन फोरलेन पुल का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 23 फरवरी 2014 को शिलान्यास किया था। यह पुल ढह गया। पुल की लंबाई 3.160 किलोमीटर थी। इसका निर्माण 80 प्रतिशत पूरा हो चुका था। इससे पहले भी यह पुल 27 अप्रैल 2022 को तेज आंधी और बारिश के चलते ढह गया था। इस पुल का कम से कम 100 फीट हिस्सा गिर गया था। बिहार में घटिया निर्माण के कारण पुलों के ध्वस्त होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते एक साल में राज्य में 7 बार पुल गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन नीतीश सरकार फिर भी नहीं जगी। विपक्षी एकता के सपने के बूते केंद्र में सत्ता पाने के प्रयास में जुटे नीतिश कुमार बिहार को नहीं संभाल पा रहे हैं। बिहार भ्रष्टाचार और अराजकता के लिए ही नहीं बल्कि अजीबोगरीब घटनाओं के लिए सुर्खियों में रहा है। यह बिहार में ही संभव है कि पुल जैसा मजबूत ढांचा महज आंधी से ढह जाए। इसके अलावा भी बिहार में भ्रष्टाचार और अराजकता की ऐसी हास्यास्पद घटनाएं हुई हैं। इनसे नीतिश सरकार के तौर-तरीकों पर सवालिया निशान लगते रहे हैं। किसी भी राज्य में भारी-भरकम रेल के इंजिन की चोरी की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बिहार में चोर ट्रेन के इंजिन को चोरी कर ले जाएं। बरौनी (बेगूसराय जिला) के गरहारा यार्ड में मरम्मत के लिए लाए गए ट्रेन के डीजल इंजन को एक गिरोह ने चुरा लिया। चोर एक सुरंग माध्यम से आते थे और इंजन के पुर्जों को चुरा लेते थे। इंजिन के पुर्जों को बोरियों में भरकर ले जाते थे। इंजिन का सिर्फ ऊपरी ढांचा ही रह गया।

'बिहार है तो ऐसी वारदातें संभव है' की तर्ज पर पंडौल से लोहट चीनी मिल की तरफ गई रेल लाइन से दो किलोमीटर पटरी चोरी हो गई है। चीनी मिल के बंद होने के बाद से ही इस ओर रेल सेवाएं बाधित थी। चोरों ने इसी का फायदा उठाया और वो रेल लाइन से दो किलोमीटर पटरी चोरी कर ले गए। बिहार के बांका जिले से एक लोहे का पुल गायब हो गया। चोरों ने इस पुल का दो-तिहाई हिस्सा गैस कटर से काटकर चुरा लिया। लाखों रुपए की लागत से पटनिया धर्मशाला से जोडने के लिए इस पुल का निर्माण किया गया था। पुल की लंबाई 80 फीट और चौड़ाई 15 फीट है। भागलपुर के सुल्तानगंज से देवघर में बैद्यनाथ धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों (कांवडियों) की सुविधा के लिए इस पुल को बनाया गया था। इससे पहले भी बिहार के रोहतास जिले में लोहे के पुल की चोरी हुई थी। यहां चोरों ने 60 फीट लंबे और 500 टन वजनी लोहे के पुल को गायब कर दिया था।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

उत्तराखंड प्रहरी **छोटी खबरें**

## मान ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए की 'सड़क सुरक्षा फोर्स' के गठन की घोषणा

**अमरगढ़ (मालेरकोटला), (वार्ता)।** पंजाब में सड़क दुर्घटनाओं में जाने वाली कीमती जानों पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रदेश की सड़कों पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए समर्पित 'सड़क सुरक्षा फोर्स' के गठन की घोषणा की है। यहां शुक्रवार को क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र को लोगों को समर्पित करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में सड़क दुर्घटनाओं में रोजाना करीब 14 कीमती जानें जाती हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों पर जाने वाली यह जानें बचाई जा सकती हैं, जिसके लिए पंजाब पुलिस में 'सड़क सुरक्षा फोर्स' का गठन किया जाएगा। भगवंत मान ने कहा कि थानों में तैनात सिपाहियों के काम का बोझ घटाने के लिए इस फोर्स को गलत ड्राइविंग रोकने, सड़कों पर वाहनों के यातायात को सुचारू करने और अन्य काम दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्याधुनिक केंद्र नई तकनीक के साथ लैस है और इस केंद्र के साथ हैवी लाइसेंस हासिल करने के इच्छुक लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, जिसके साथ उनके समय, धन और ऊर्जा की बचत होगी।

## श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए ई-वाहन की व्यवस्था

**श्रीनगर, (वार्ता)।** केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मुफ्त ई-वाहन की व्यवस्था की जा रही है, जो यात्रियों का समय बचाने के लिए उनके सामान को प्रवेश द्वार से टर्मिनल तक ले जाने में मददगार साबित होगा। श्रीनगर हवाई अड्डे के निदेशक ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि शनिवार से प्रायोगिक आधार पर इस सुविधा का उपयोग श्रीनगर आने वाले यात्री कर सकते है, वह अपने आगमन पर ई-वाहन में सवार हो सकते हैं और निकास द्वारा तक इसकी सवारी तथा अपना सामान ले जा सकते हैं।

# लुधियाना में बनेगी हाई सिक्योरिटी जेल; 100 करोड़ की राशि मंजूर



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खतरनाक अपराधियों से जुड़े मामलों की सुनवाई जेल परिसर में ही करने के लिए राज्य में 50 एकड़ क्षेत्र में एक अत्यधिक सुरक्षित डिजिटल जेल बनाने की घोषणा की। शुक्रवार को लड्डा कोठी संगरूर में नवनियुक्त जेल वार्डरों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि लुधियाना के नजदीक 50 एकड़ जमीन पर उच्च सुरक्षा वाली डिजिटल जेल बनाने के लिए 100 करोड़ रुपए मंजूर किए है, जहां राज्य में खतरनाक अपराधियों की अदालती सुनवाई आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे खतरनाक अपराधियों की विशेष सुनवाई के लिए जेल में ही जजों के अलग कैबिन बनाए जाएंगे, ताकि उन्हें जेल से बाहर न ले जाना पड़े। भगवंत मान ने यह भी कहा कि जेल विभाग जल्द ही मोहाली में अपना अत्याधुनिक दफ्तर बनाएगा, जिसके लिए जमीन की पहचान कर ली गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस फोर्स को वैज्ञानिक आधार पर आधुनिक बनाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में साइबर अपराध से निपटने के लिए पंजाब पुलिस को अधिक कौशल बनाने के लिए बड़े प्रयास शुरू किए गए हैं और कई नए सुधार लागू किए जा रहे हैं। भगवंत मान ने कहा कि जेलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को रोकने के लिए जेलों में हाईटेक जैमर और अन्य उपकरण लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि सीमा पार से ड्रोन द्वारा घुसपैठ को रोकने के लिए पंजाब पुलिस में एंटी-ड्रोन तकनीक शुरू की जा रही है। भगवंत मान ने कहा कि यह बहुत गर्व और संतोष की बात है कि पंजाब पुलिस देश की सबसे अच्छी फोर्स है। उन्होंने कहा कि राज्य के थानों को आधुनिक बनाने के लिए भारी मात्रा में संसाधन जुटाकर बड़े पैमाने पर प्रयास किए जा रहे हैं और विभाग में वाहन, हथियार सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त वार्डरों को प्रशिक्षण के दौरान अच्छे प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने परेड कमांडर हरप्रीत सिंह के नेतृत्व में भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस गौरव यादव, एडीजीपी (जेल) अरूणपाल सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रमुख सचिव हिमांशु जैन और अन्य उपस्थित थे।



## केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को गर्मजोशी से दी विदाई

**शिमला (वार्ता)।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को शुक्रवार को किन्नौर जिले के रिकांगपिओ में स्थानीय लोगों द्वारा गर्मजोशी के साथ विदाई दी गयी। केन्द्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री किन्नौर के दो दिवसीय दौरे पर थे। केंद्रीय मंत्री ने जनजातीय क्षेत्र की जनता द्वारा स्नेहपूर्ण आतिथ्य- सत्कार के लिए लोगों का आभार जताया। इससे पहले, मुख्यमंत्री सुक्खू ने किन्नौर जिले के कल्पा में भी लोगों की समस्याएं सुनीं तथा मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत की।

उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का समृद्ध परम्पराओं एवं सांस्कृतिक धरोहर के लिए विख्यात किन्नौर जिले के दौरे तथा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के माध्यम से वाइब्रेंट ग्राम छितकुल को गोद लेने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज्य के जनजातीय क्षेत्रों के लोगों की विभिन्न मांगों पर भी विचार करने के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोले, खतरनाक साबित हुआ चीन को क्लीन चिट देना



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चीन को क्लीन चिट दिए जाने के कारण देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। श्री खडगे ने अपने ट्वीट में कहा कि एलएसी (अब उत्तराखंड में) पर चीनी सैन्य निर्माण के दुस्साहस से हमारी क्षेत्रीय अखंडता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि देश मोदी द्वारा चीन को दी गई 'क्लीन चिट' की भारी कीमत चुका रहा है। चीन का सामना रणनीतिक रूप से एक साथ होना चाहिए, न कि खोखला दावा करके। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने एक बयान में कहा कि वर्ष 2020 में चीन को मोदी की ओर से 'क्लीन चिट' देना बहुत खतरनाक साबित हुआ और 1,500 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर चीन के नियंत्रण पर चुप्पी राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर उनकी पूरी विफलता दर्शाती है।

# विदेश


## 27 बच्चों की मौत; 53 घायल, मैदान में खेलते वक्त भयंकर विस्फोट से पेश आया दर्दनाक हादसा



**मोगादिशु।** सोमालिया में कोर्योली कस्बे के निकट एक खेल मैदान में शुक्रवार को पुराने आयुध में विस्फोट होने से कम से कम 27 बच्चों की मौत हो गई और 53 अन्य लोग घायल हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की हैं। कोर्योली शहर के उप जिला आयुक्त आब्दी अहमद अली ने बताया कि यह घटना बम और बारूदी सुरंग जैसे विस्फोटक अवशेषों में धमाके के कारण हुई है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान गांव के मैदान में खेल रहे बच्चे विस्फोट की चपेट में आ गए। सोमालिया समाचार एजेंसी सोनना की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस घटना में कम से कम 27 लोगों की मौत हो हुई है और 53 अन्य लोग घायल हुए है। आयुक्त ने फोन पर बताया कि कोर्योली अस्पताल में 22 शव मिले है जबकि दो घायलों अस्पताल ले जाने के बाद मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक अन्य बच्चे की राजधानी मोगादिशु में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बच्चों की उम्र 10 से 15 वर्ष के बीच है।

## डोनाल्ड ट्रंप पर अब गुप्त दस्तावेज घर ले जाने का मामला दर्ज



**वाशिंगटन।** पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर 2 महीने के भीतर दूसरा क्रिमिनल केस दर्ज हो चुका है। उन्हें वहां मियामी की फेडरल कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने खुद इस बारे में जानकारी दी। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मेरे वकीलों ने बताया है कि भ्रष्ट बाइडेन प्रशासन ने मुझे खुफिया डॉक्यूमेंट्स घर ले जाने के मामले में दोषी माना है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप 2021 में राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद व्हाइट हाउस से कई क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट्स फ्लोरिडा स्थित अपने आलीशान घर मार-ए-लेगो ले गए थ। इसी मामले में उन पर क्रिमिनल केस दर्ज किया गया है।

पूरे मामले में उन पर 7 आरोप तय हुए हैं और, अब उन्हें मंगलवार 13 जून को दोपहर 3 बजे कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है। सीएनएन ने बताया कि ट्रंप के एक वकील, जिम ट्रस्टी ने कहा है कि उनके मुवक्किल को जासूसी अधिनियम के उल्लंघन में जानबूझकर दस्तावेजों को अपने पास रखने, झूठे बयान देने, न्याय में बाधा डालने और साजिश की गिनती सहित सात आरोपों में नामजद किया गया है।



## जापान में हनेडा हवाई अड्डे पर दो विमान टकराये

**टोक्यो, (वार्ता)** जापान की राजधानी टोक्यो के हनेडा हवाई अड्डे पर शनिवार को दो यात्री जेट की एक टैक्सीवे के पास आपस में टक्कर हो गयी। जापान के परिवहन मंत्रालय ने यह जानकारी दी हैं। स्थानीय मीडिया आउटलेट्स ने हवाई अड्डे के साथ सूत्रों का हवाले से बताया कि आज सुबह स्थानीय समयानुसार करीब 11:00 बजे बैंकॉक जा रहे थाई एयरवेज का विमान और ईवा एयर का विमान हनेडा हवाई अड्डे के रनवे ए पर टकरा गये। टोक्यो ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम की टेलीविजन फुटेज दिखाया गया है कि इस समय दोनों विमान रनवे में खड़े हैं।

# सुर्खियों में चमगादड़ पार्किंग, गुपचुप तरीके से कर दिया था पार्किंग का ठेका

## मामला सिंचाई विभाग हरिद्वार का, विभाग पर लगा मिलीभगत का आरोप

उत्तराखंड प्रहरी



**हरिद्वार।** कांवड़ मेला से पहले ही सरकारी पैसों की बंदरबांट का खेल शुरू हो गया है। मामला चमगादड़ टापू पार्किंग हरिद्वार का है। जहां सिंचाई विभाग पर गुपचुप तरीके से पार्किंग का ठेका कम दामों पर देने का आरोप लगा है।

जबकि कनखल के भाजपा नेता समेत एक अन्य ठेकेदार ने पार्किंग का ठेका और अधिक दाम लेने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक कनखल के भाजपा नेता भूपेंद्र कुमार ने 19 लाख और कनखल सतीघाट के प्रदीप कुमार ने 18 लाख रूपए में सिंचाई विभाग की ओर से चमगादड़ टापू की पार्किंग ठेका लेने की इच्छा जताई थी। जिसमें उन्होंने जिलाधिकारी को भी पत्र लिखा था। सिंचाई विभाग ने चमगादड़ टापू की पार्किंग 11 लाख में गुपचुप तरीके से छोड़े जाने के बाद से विभागीय अधिकारियों की ठेकेदार से मिलीभगत की चर्चा चल रही थी। जिसके बाद जिलाधिकारी ने एसडीएम को मामले की जांच सौंपी थी। जांच में साफतौर पर ठेकेदार को पार्किंग ठेका का लाभ देने का कार्य विभागीय अधिकारियों की ओर से किया गया है। पार्किंग ठेका लेने के इच्छुक व्यक्ति ने भी विभाग की ठेका प्रक्रिया पर सवाल खडे.करते हुए चमगादड़ टापू की पार्किंग ठेका निरस्त कर खुली बोली प्रक्रिया अपनाने की डीएम से अपील की है।




# अतिक्रमण पर पुलिस सख्त व्यापारियों को दी कार्रवाई की चेतावनी

उत्तराखंड प्रहरी

**हरिद्वार।** हरकी पैड़ी से अपर रोड तक फैले अतिक्रमण को समेटने निकली पुलिस प्रशासन की टीम ने 16 व्यापारियों के चालान काटे। इसके साथ ही बेतरतीब ढंग से दुकानों के बाहर खड़े वाहनों को लेकर भी सख्ती दिखाई। ऐसे व्यापारियों को वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। चारधाम यात्रा एवं गर्मियों की छुट्टियों के चलते तीर्थनगरी हरिद्वार में इन दिनों भारी भीड़ है। जिस कारण हर की पैड़ी से लेकर कोतवाली क्षेत्र तक हर समय भारी जाम की स्थिति बनी रहती। जाम की इस समस्या को जगह जगह फैले अतिक्रमण ने और बढ़ा दिया। स्थानीय व्यापारियों और जहा तहां फैली रेडी, ठेलियो के कारण जाम की स्थिति और भी विकट हो चली। जिससे निपटने के लिए पुलिस प्रशासन की एक टीम ने शनिवार को हर की पैड़ी से कोतवाली क्षेत्र तक फैले अतिक्रमण हटाने निकली। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले 16 दुकानदारों के चालान किए गए। इसके साथ ही व्यापारियों को भविष्य में दुबारा अतिक्रमण करने व अपने प्रतिष्ठानों के बाहर आड़े तिरछे वाहन खड़े किए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

# निरंकारी सतगुरु ने किया वन नेस पैथॉलोजी लैब का शुभारंभ

**हरिद्वार (गौरव कुमार,उत्तराखंड प्रहरी)।** संत निरंकारी मिशन द्वारा संचालित चैरिटेबल फाउंडेशन के अधीन मसूरी शहर में लाइब्रेरी चौक के पास एक वननेस पैथोलॉजी लैब की शुरुआत की गई। जिसका उद्घाटन निरंकारी मिशन की सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के कर कमलों द्वारा किया गया। निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा जी ने जानकारी देते हुए बताया कि



संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के अंतर्गत शहर में पैथोलॉजी लैब की शुरुआत की गई है। जिसके अंदर सभी प्रकार के टेस्ट न्यूनतम रेट पर किए जाएंगे ताकि शहर वासियों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग लाभांवित हो सके। ये लैब सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक खुली रहेगी। जिसका संचालन डा प्रेम कुमार करेंगे। मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह जी ने बताया कि इस लैब के अलावा मसूरी क्षेत्र के अंतर्गत दो एंबुलेंस भी चलाई जा रही है। जो कि दूरस्थ इलाकों में जाकर मरीजों को आवश्यक अस्पताल तक पहुंचाया जा सके। इसी के साथ एक शव वाहन भी उपलब्ध कराया गया है। मिशन द्वारा दो फ्री डिस्पेंसरी और दो सिलाई सेंटर जिन में एक डिस्पेंसरी ओर एक सिलाई कढ़ाई सेंटर झड़ी पानी में ओर एक -एक कैमल बैक रोड पर चलाये जा रहे है। उन्होंने आगे बताया कि मसूरी गर्ल्स इंटर कॉलेज के 5 शिक्षकों की मासिक तनखाह पिछले 12 साल से निरंकारी मिशन द्वारा दी जा रही है।

# किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिद्वार।** रानीपुर थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के भाई की ओर से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस के मुताबिक विष्णु लोक कॉलोनी निवासी आशीष दीक्षित पुत्र बब्बन सिंह ने थाना



रानीपुर में शिकायत दर्ज कराते बताया कि उसकी नाबालिक बहन से पड़ोस में रहने वाला शाहिद हुसैन पुत्र सदरे आलम ने छेड़छाड़ की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज आमजनों की समस्याओं का निराकरण किया

**हरिद्वार,(उत्तराखंड प्रहरी)।** जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल तहसील दिवस, प्रतिदिन कार्य दिवसों में आमजनों की समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन-1905 में दर्ज आमजनों की समस्याओं का निरंतर अनुश्रवण कर रहे हैं1 जिलाधिकारी ने इसी क्रम में सीएम हेल्पलाइन-1905 में दर्ज आमजनों की समस्याओं के सम्बन्ध में शिकायतकर्ताओं से टेलीफोन के माध्यम से बातचीत की तथा मौके पर ही उनकी



समस्याओं का निराकरण किया।धीराज सिंह गर्ब्याल ने इस मौके पर कहा कि सीएम हेल्पलाइन 1905 के माध्यम से दूरदराज क्षेत्रों में निवास करने वाले आम लोग भी अपनी समस्या दर्ज करा रहे हैं1 उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन-1905 में जैसे ही जो भी समस्या दर्ज होती है, उसका निराकरण निर्धारित समयावधि में करना सुनिश्चित करें ताकि शिकायत अगले लेवल में स्थानांतरित न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी.एल. शाह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## आज का राशिफल

उत्तराखंड प्रहरी

### आज के विचार

ईश्वर के समक्ष केवल प्रार्थना ही ना करे बल्कि ध्यान भी लगाए। प्रार्थना में हम ईश्वर से बात करते हैं जबकि ध्यान में ईश्वर हमसे बात करते हैं।

**मेष :** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे।

**वृष :** (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)
आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। बिजनेस करने वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आप सामने आयी चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। आपके सुगम व्यवहार से लोग खुश रहेंगे।

**मिथुन :** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)
आपका दिन पहले की अपेक्षा काफी अच्छा रहने वाला है। इस राशि वालों के लिए दिन उनके अनुकूल रहेंगे। आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे।

**कर्क :** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
आज आपका दिन बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते हैं। जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा।

**सिंह :** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)
आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आपके रूके हुए कामों में आपके मित्र आपकी मदद करेंगे। आपके दुश्मन आपसे दूरियां बनाये रहेंगे। आपको किसी अपनों से खुशखबरी मिल सकती है। छात्र वर्ग किसी से बहस न करें।

**कन्या :** (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
आज का दिन आपके लिए बेहद खुशनुमा रहेगा। आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति में पहले की अपेक्षा सुधार आएगा।

**तुला :** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। लोगों के सामने आपकी इमेज अच्छी बनी रहेगी। आप किसी ऐसे काम में रिस्क नहीं लेंगे जिसका नेगेटिव असर आपकी इमेज पर पड़ता हो।

**वृश्चिक :** (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। बिजनेस से संबंधित किसी बड़े फैसले के लिए दिन अच्छा है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में बदलाव कर सकते हैं।

**धनु :** (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)
दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। अगर आप नयी जमीन लेने की सोच रहे हैं तो शुभ महूर्त जरूर देख लें, इससे आपको भविष्य में फायदा जरूर होगा।

**मकर :** (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)
आज अधिकारी आपके कामकाज से खुश हो सकते हैं। लोगों पर आपका अच्छा प्रभाव जमेगा। अपने स्वभाव को पूरी तरह लचीला रखें। परिवार से मधुर सम्बन्ध बनाए रखें। मन की बातों को अपने किसी करीबी से शेयर करे।

**कुंभ :** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में सहकर्मी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

**मीन :** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
आपका दिन सामान्य रहेगा। आप परिवार के सदस्यों से मधुर व्यवहार बनाएँ रखें। ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नत किया जा सकता है। फिजूल खर्च से बचें। आप अपनी किसी मीठी यादों को याद करके आनन्द की अनुभूति कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com